मुख्यमंत्री संदर्भ

संख्या-मु0म-6/0150/78-2-2013/192आई.टी./2013

प्रेषक

बी0पी0 सिंह
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
यूपीडेस्को,
गोमती नगर, लखनऊ

आई.टी. एवं इले. अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक: 03 जनवरी, 2014

विषय: शिकायती पत्रों एवं प्रत्यावेदनों पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1569/78-2-2013-22आई0टी0/2005 टीसी-4 दिनांक 23 अक्टूबर 2013 जो राज्य समन्वयक, सीईजी को सम्बोधित है, की संलग्न प्रति का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र के साथ श्री मासर शाह, मा0 सदस्य विधान सभा, मटेरा, बहराईच के पत्र दिनांक-21-09-2013 (प्रति संलग्न) भी संलग्न कर सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। किन्तु वांछित सूचना अभी तक अप्राप्त है, मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा अनुस्मरण कराया गया है, अनुस्मरण पत्र सं0-सी0एम0वि0को0आर01143/2013 दिनांक 12-11-2013 की प्रति संलग्न है। कृपया कृत कार्यवाही की सूचना अविलम्ब शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे स्थिति से मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया जा सके।

भवदीय,

संलग्नक-उपरोक्त।

(बी0पी0 सिंह)
अनु सचिव

http://Shasanadesh.up.nic.in